कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 13.10.2024

विषय:- पुलिस उपायुक्त काशी जोन द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें उनकी समस्याओं/सुझावों को सुना गया।

आज दिनांक- 13.10.2024 को श्री गौरव बंशवाल पुलिस उपायुक्त काशी जोन महोदय द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ गोष्ठी की गयी। जिसमें सभी व्यापारी बंधू शामिल थे। पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा क्षेत्र में होने वाले आयोजनो/त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में व्यापारी बन्धुओं के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया तथा आगामी देव दीपावली, दीपावली, छठ को लेकर आगे की रणनीति बनायी गयी तथा त्यौहार में आने वाली समस्याओ व उसके निराकरण को लेकर वार्तालाप किया गया। जनपद में टोटो हेतु बनाया गया जोन से अवगत कराते हुए बिना आवश्यकता के दुकान के सामने मालवाहक/आटो/टोटो को न खड़ा करने व रोड पर किये गये अतिक्रमण को हटाने दुकान को दुकान तक सीमित रखने व सुरक्षा के दृष्टिगत जहां पर कैमरा लगने की आवश्यकता है वहां पर कैमरा लगाने हेतु उनसे वार्ता किया गया तथा आगंतुकों की सही आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन का नंबर, साथ आने वालों की सही जानकारी और उनकी आईडी सभी का रिकार्ड रखने के लिए कहा गया है। साथ ही लोगो के साथ ऑनलाइन होने वाले साइबर अपराध के बारे में बताते हुए सतर्क रहने व किसी भी प्रकार की लालच में न आने व ऐसी कोई सूचना मिलने पर तुरंत सम्बन्धित पुलिस चौकी, थाना या साइबर हेल्प डेस्क में सूचना देने की बात बताई गयी एवं यातायात व्यवस्था भी ठीक रहे व सभी अपनी दुकानो के बाहर अतिक्रमण न करे। साथ ही साइबर अपराध से जागरुक किया गया जिसमें पारिवारिक सदस्य को पुलिस द्वारा पकड लेने की सूचना व अन्य इमोशनली ड्रामा के तहत पैसे का ट्रांसफर कराने के सम्बन्ध में सूचना मिलने पर पुलिस को अवगत कराना व कोई भी पैसे का ट्रांसफर किसी भी अंजान व्यक्ति को न करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही साथ पुलिस उपायुक्त काशी जोन महोदय द्वारा व्यापारीगण की गोष्ठी के दौरान निम्नांकित समुचित दिशा निर्देश भी दिए गए-

1. मैदागिन से गोदौलिया तक की व्यवस्था में व्यापारी एक्सेम्पेटेड रहेंगे।
2. व्यापारियों के माल वाहक निर्धारित समय से पूर्ववत चलते रहेंगे।
3. ई-रिक्शा की व्यवस्था प्रशासन द्वारा निःशुल्क प्रदान की गई है।
4. टू- व्हीलर पे कोई रोक नहीं लगायी गई है।
5. व्यापारी बंधुओं की सुरक्षा हेतु पुलिस प्रबंध किया गया है।
6. सभी व्यापारियों को थाने के पर्सनल वॉटसैप ग्रुप पे जोड़ा जाएगा।
7. सभी बीट कांस्टेबल्स को उनका विज़िटिंग कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।